टीके की जानकारी का वक्तव्य

Td (टेटनस, डिप्थीरिया) टीका

आपको जो जानने की जरूरत है

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

Td टीका टेटनस और **डिप्थीरिया** को रोक सकता है।

टेटनस शरीर के अंदर कटाव या घावों के माध्यम से प्रवेश करता है। डिप्थीरिया व्यक्ति से व्यक्ति में फैलता है।

- **टेटनस (TETANUS, T)** मांसपेशियों की दर्दनाक अकड़न का कारण बनता है। टेटनस गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है, जिसमें मुंह खोलने में असमर्थता, निगलने और सांस लेने में परेशानी या मृत्यु शामिल है।
- **डिप्थीरिया (DIPHTHERIA, D)** के कारण सांस लेने में कठिनाई, दिल की विफलता, पक्षाघात, या मृत्यु हो सकती है।

2. Td टीका

Td केवल 7 वर्ष या अधिक आयु के बच्चों, किशोरों और वयस्कों के लिए है।

Td आम तौर से **हर 10 साल में एक बूस्टर खुराक** के रूप में, या किसी तीव्र या गंदे घाव या जले हुए मामले में 5 वर्ष बाद दी जाती है।

एक अन्य टीका जिसे “Tdap” कहा जाता है, का Td की जगह इस्तेमाल किया जा सकता है। Tdap टेटनस और डिप्थीरिया के अलावा पर्टुसिस से बचाव करता है जिसे “कूकर खांसी” भी कहा जाता है।

Td को अन्य टीकों के साथ दिया जा सकता है।

3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **टेटनस या डिप्थीरिया से बचाव करने वाले किसी भी टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**
- पहले कभी भी **गुइलेन-बारे सिंड्रोम** (जिसे “Guillain-Barré Syndrome, GBS” भी कहते हैं) हुआ था
- **टेटनस या डिप्थीरिया से बचाव करने वाले किसी भी टीके की पिछली खुराक के बाद तीव्र दर्द या सूजन हुई थी**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता Td के टीकाकरण को किसी भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित कर सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले शिशुओं का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर Td का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

4. टीके के लिए प्रतिक्रिया के जोखिम

- दर्द, लाली, या सूजन जहां शॉट दिया गया था, हल्का बुखार, सिरदर्द, थकान महसूस करना, और मतली, उल्टी, दस्त, या पेट दर्द कभी-कभी Td टीकाकरण के बाद होता है।

कभी-कभी लोग टीकाकरण सहित, चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो उन लोगों को मुआवजा देने के लिए बनाया गया था जो कुछ प्रकार के टीकों से जख्मी हो सकते हैं। टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। प्रोग्राम और किसी दावे को भरने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org